**A Report on Awareness and Training Programme on "Access to E-Books"**

An Awareness and Training Programme on the theme "*Access to E-Books*" was successfully organized by the Ganesh Shankar Vidyarthi Central Library, Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University (CSJMU), Kanpur, on *11 April 2026* at the University Academic Auditorium. The programme was conducted under the continuous guidance, inspiration, and patronage of the Hon'ble Vice-Chancellor, Professor Vinay Kumar Pathak.

Programme Convenor Prof. Ashish Srivastava, Librarian, apprised the participants of the programme's objective, which was to promote awareness and provide training on the effective access and utilization of e-book resources for academic and research purposes. The programme witnessed active participation from principals of affiliated colleges and library professionals from various institutions associated with the University




While addressing the gathering, the Hon'ble Vice-Chancellor, Professor Vinay Kumar Pathak, emphasized that the active and effective use of e-books plays a vital role in strengthening the teaching–learning process and in creating a research-oriented academic environment. He highlighted the importance of digital resources in ensuring continuous enhancement of academic quality and encouraged teachers, students, and research scholars to make extensive use of available e-resources.

It is noteworthy that for the first time in the history of Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur, and its Central Library, access to e-book resources has been extended to affiliated institutions. This landmark initiative aims to promote academic excellence and strengthen digital learning initiatives across the University system.



During the event, second issue of *Udghosh Library Newsletter* was formally released marking a symbolic step toward strengthening digital academic resources.

The programme was also graced by the presence of several senior University officials, including the *Pro Vice-Chancellor*, Professor Sudhir Awasthi, *Registrar*, Dr. Rakesh Mishra, Director (CDC), Professor R. K. Dwivedi, *Finance Officer*, Dr. Ashok Tripathi, along with other officers and faculty members of the University. The session was well executed and organized by Dr Shweta Pandey, Dr Ravi Shukla, who were the Convenors of the program.

**Media Coverage**

# ई-बुक्स के साथ डिजिटल संसाधनों के प्रति विद्यार्थियों में बढ़ायेंगे जागरुकता

## स्टूडेंट्स एवं इंटर्न की ओर से बनाये गए उदघोष न्यूजलेटर को किया गया रिलीज



उदघोष न्यूजलेटर को रिलीज करते अतिथि व अन्य शिक्षक।

कानपुर, 11 अप्रैल। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, गणेश शंकर विद्यार्थी केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से ई-बुक्स तक पहुंच विषय पर एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि ई-बुक्स का सक्रिय एवं प्रभावी उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शोध-उन्मुख शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया तथा शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को ई-संसाधनों के व्यापक उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीएसजेएमयू से संबद्ध संस्थानों को ई-बुक संसाधनों तक पहुंच प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना तथा डिजिटल लर्निंग पहलों को सशक्त करना है। इस पहल से विश्वविद्यालय की संबद्ध इकाइयों में अकादमिक गतिविधियों को नई दिशा एवं शोध कार्यों को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में लाइब्रेरी साइंस स्टूडेंट्स एवं इंटर्न द्वारा बनाये गए उदघोष न्यूजलेटर को रिलीज़ किया गया। इस दौरान सीडीसी डायरेक्टर प्रो. आर.के. द्विवेदी, विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, कुलसचिव डॉ राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कालेजों के हजारों छात्र पढ़ सकेंगे ई-बुक

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) से संबद्ध कालेजों के हजारों छात्र और शोधार्थी ई-बुक्स और डिजिटल सामग्री का लाभ उठा सकेंगे। गणेश शंकर विद्यार्थी केंद्रीय पुस्तकालय में 'ई-बुक्स तक पहुंच' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को आधुनिक अध्ययन संसाधनों से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि मौजूदा दौर में ई-बुक्स केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी हैं। अगर छात्र और शिक्षक इन डिजिटल संसाधनों का सही तरीके से इस्तेमाल करते हैं, तो इससे न केवल सीखने-सिखाने की प्रक्रिया बेहतर होगी, बल्कि शोध कार्य की में क्वालिटी में भी सुधार आएगा।

# ईबुक्स तक पहुंच के लिए जागरुकता

कानपुर। सीएसजेएमयू में केंद्रीय पुस्तकालय ने ''ई-बुक्स तक पहुंच'' विषय पर शनिवार को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सभागार में जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया।

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि ई-बुक्स का सक्रिय एवं प्रभावी उपयोग जरूरी है।

उन्होंने डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया। उन्होंने शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को ई-संसाधनों के व्यापक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

# ई बुक्स से रिसर्च को मिलेगा बढ़ावा

**KANPUR (11 April):** सीएसजेएम यूनिवर्सिटी में गणेश शंकर विद्यार्थी सेंट्रल लाइब्रेरी की ओर से 'ई-बुक्स तक स्टूडेंट की पहुंच' सब्जेक्ट पर सैटरडे को अवेयरनेस और ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया. वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक ने ई बुक्स की इम्पॉर्टेंस बताई. उन्होंने कहा ई-बुक्स के प्रभावी उपयोग से एकेडमिक प्रैक्टिस और रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा.

## क्वालिटी को सुधारने पर जोर

वीसी ने कहा कि स्टूडेंट्स के ओवरऑल डेवलपमेंट में ई बुक्स लाभकारी हो सकती हैं. उन्होंने डिजिटल रिसोर्सेस के माध्यम से एजुकेशन की क्वालिटी को सुधारने पर भी बल दिया. सीएसजेएम द्वारा पहली बार संबद्ध इंस्टीट्यूशंस को ई-बुक संसाधनों तक पहुंच प्रदान की गई है. कार्यक्रम में लाइब्रेरी साइंस स्टूडेंट्स और इंटर्न्स द्वारा बनाए गए उदघोष न्यूज लेटर को रिलीज किया गया. प्रोग्राम में आरके द्विवेदी, प्रो वीसी प्रो. सुधीर अवस्थी, डॉ. राकेश मिश्रा मौजूद रहे.

# ई-बुक्स के साथ डिजिटल संसाधनों के प्रति विद्यार्थियों में बढ़ायेंगे जागरुकता

## स्टूडेंट्स एवं इंटर्न की ओर से बनाये गए उदघोष न्यूजलेटर को किया गया रिलीज



उदघोष न्यूजलेटर को रिलीज करते अतिथि व अन्य शिक्षक।

कानपुर, 11 अप्रैल। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, गणेश शंकर विद्यार्थी केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से ई-बुक्स तक पहुंच विषय पर एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि ई-बुक्स का सक्रिय एवं प्रभावी उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शोध-उन्मुख शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया तथा शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को ई-संसाधनों के व्यापक उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीएसजेएमयू से संबद्ध संस्थानों को ई-बुक संसाधनों तक पहुंच प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना तथा डिजिटल लर्निंग पहलों को सशक्त करना है। इस पहल से विश्वविद्यालय की संबद्ध इकाइयों में अकादमिक गतिविधियों को नई दिशा एवं शोध कार्यों को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में लाइब्रेरी साइंस स्टूडेंट्स एवं इंटर्न द्वारा बनाये गए उदघोष न्यूजलेटर को रिलीज़ किया गया। इस दौरान सीडीसी डायरेक्टर प्रो. आर.के. द्विवेदी, विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, कुलसचिव डॉ राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।